दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, गुरुवार 13 अक्टूबर 2022

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

# नीति परिवर्तन की रणनीति

अमेरिका की नजर में असल चुनौती चीन है। अमेरिका की नई नीति के संकेत वहां आई अध्ययन रिपोर्ट से भी मिला है। उसमें सिफारिश की गई है कि अमेरिका को पाकिस्तान की मदद करनी चाहिए ताकि उसकी चीन पर निर्भरता ना बढ़े।

पाकिस्तान के प्रति अमेरिका की नीति बदल रही है। इस बात के कई संकेत हाल में मिले हैं। दरअसल, अब अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों को लगभग भारत से अपने संबंधों के बराबर दर्जा दे दिया है। इस बात का संकेत हाल में अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस की टिप्पणी से मिला। अब यह सामने आया है कि ये बदलाव भारत को कोई संकेत देने के लिए या फौरी तौर पर उठाए जा रहे कदमों का हिस्सा नहीं है। बल्कि इसके पीछे एक रणनीति है। अमेरिका की नजर में असल चुनौती चीन है। अमेरिका की नई नीति के संकेत वहां विशेषज्ञों के एक दल की इससे संबंधित एक अध्ययन रिपोर्ट से भी मिला है। उसमें सिफारिश की गई है कि अमेरिका को पाकिस्तान की मदद करनी चाहिए ताकि उसकी चीन पर निर्भरता ना बढ़े। इस हफ्ते को पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की वॉशिंगटन यात्रा से ठीक पहले यह अध्ययन जारी किया गया। एक हफ्ता पहले ही देश के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी अमेरिका के दौरे पर थे। ताजा अध्ययन रिपोर्ट को तैयार करने वालों में पाकिस्तान में अमेरिका के राजदूत रहे रयान क्रॉकर, कैमरन मंटर और रॉबिन राफेल शामिल थे।

अपने अध्ययन में विशेषज्ञों ने सिफारिश की है कि दोनों मुल्कों को मतभेद भुलाकर साथ आना चाहिए। रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका को पाकिस्तान में मदद का इस्तेमाल वहां की नीतियां बदलने की रणनीति के रूप में करने से बचना चाहिए, क्योंकि यह रणनीति विफल साबित हुई है। उधर पाकिस्तान को यह बात स्वीकार करने की सलाह दी गई है कि उसकी सारी समस्याएं, खासकर आतंकवाद और उग्रवाद अमेरिका के मत्थे नहीं मढ़ी जा सकतीं। इन विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि जैसे पहले अमेरिका पाकिस्तान को अफगानिस्तान या भारत के साथ रिश्तों के संदर्भ में देखता रहा है, वैसा ही अब चीन के मामले में ना करे और पाकिस्तान को चीन के नजरिये से ना देखे। इसके बजाय अमेरिका को चीनी कर्जों के संदर्भ में पाकिस्तान की मदद करनी चाहिए" और अमेरिकी कंपनियों को भी वहां निवेश के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि उसकी चीन पर निर्भरता कम हो सके।

# नितिन गडकरी ने लॉन्च किया फ्लेक्स फ्यूल पायलट प्रोजेक्ट



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन पर टोयोटा की पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। इस पायलट परियोजना के तहत गाड़ी 20 से 100 प्रतिशत एथेनॉल पर चल सकती है। गडकरी ने मंगलवार को कहा, आज हमारा सपना सच हो गया..! भारत का पहला एफएफवी-एसएचईवी लॉन्च किया, जो 100 फीसदी पेट्रोल के साथ-साथ 20 से 100 फीसदी एथेनॉल और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन पर चलेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता इलेक्ट्रिक वाहनों का इकोसिस्टम तैयार करेगी और भारत को इन इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में ग्लोबल लीडर बनाएगी। उन्होंने कहा, हमारे 'अन्नदाता' को 'ऊर्जादाता' बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता इलेक्ट्रिक वाहनों का एक ईको सिस्टम बनाएगी और न्यू इंडिया को इन इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में ग्लोबल लीडर बनाएगी। ऐसी टेक्नोलॉजी इनोवेशन, रिवॉल्यूशनरी, टिकाऊ, लागत प्रभावी, ऊर्जा कुशल होती और नए भारत में परिवहन क्षेत्र को पूरी तरह से बदल देती है।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में गडकरी के अलावा केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, भूपेंद्र यादव और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। एफएफवी-एसएचईवी में उच्च एथेनॉल उपयोग और अधिक ईंधन दक्षता के लाभ हैं, क्योंकि इसमें एक फ्लेक्स-ईंधन इंजन और एक इलेक्ट्रिक पावरट्रेन है। फ्लेक्स-ईंधन इंजन कारें एक से अधिक प्रकार के ईंधन और मिश्रण पर भी चल सकती हैं।

फ्लेक्सी ईंधन वाहन एथेनॉल द्वारा पेट्रोल के अधिक से अधिक प्रतिस्थापन का विकल्प देते हैं, क्योंकि यह इथेनॉल मिश्रण के 20 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक किसी भी उच्च मिश्रण का उपयोग करने में सक्षम है। हाल ही में, गडकरी ने एथेनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन पर स्विच करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि निर्माण और कृषि उपकरणों में एथेनॉल को पेश करने के प्रयास जारी हैं।

# तोशिबा इंडिया का इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों को लेकर ईवी एज के साथ करार




**गुरुग्राम ।** तोशिबा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड(तोशिबा इंडिया) ने देश के इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों को सुपर चार्ज करने के लिए ईवी एज के साथ समझौता किया है।

तोशिबा इंडिया ने एक बयान में कहा किसमझौते के तहत आगामी 10,000 ईवी एज इलेक्ट्रिक वाहनों को विशेष प्रौद्योगिकी वाली रिचार्जेबल लिथियम-आयन सैल्स की आपूर्ति की जाएगी। आगामी दो वर्षों के दौरान विकास तथा प्रमाणीकरण का काम होगा और इन सैल्स को ईवी एज के प्रॉपराइटरी अल्ट्रा-स्टेबल व रैपिड चार्जिंग बैटरी पैक्स में लगाया जाएगा। यह अनुबंध 2023 में पर्याप्त सैल्स की उपलब्धता को सुनिश्चित करेगा जिससे ईवी एज को तेजी से अपना उत्पादन बढ़ाने और भारत में हजारों डिलिवरी वैन्स की आपूर्ति करने में मदद मिलेगी।

तोशिबा इंडिया के प्रबंध निदेशक शुइची इतो ने कहा कि इस अनुबंध से ईवी एज को अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन प्रस्तुत करने में मदद मिलेगी। कंपनी, तोशिबा इंडिया की रिचार्जेबल लिथियम-आयन सैल्स की विशेषताओं का उपयोग कर के उन्नत समाधान प्रदान करेगी।

ईवी एज के संस्थापक व सीईओ इंदरवीर सिंह ने कहा इस समझौते के तहत कंपनी पहली बार तोशिबा श्रृंखला के साथ रसायनिक सैल्स को वाणिज्यिक ट्रकों में लेकर आ रही है। इनके प्रदर्शन से हमारे ग्राहकों को अपने वाहनों के बेड़ों में सर्वश्रेष्ठ बचत होगी और तोशिबा का पैमाना ईवी एज को इस काबिल बनाएगा की हम अपनी लागत एवं मार्जिन के लक्ष्यों को हासिल कर पाएंगे।

# जीओ-एयरटेल को टक्कर देंगे अडानी, टेलीकॉम सर्विस के लिए मिला लाइसेंस

**नई दिल्ली।** अडानी डेटा नेटवर्क्स लिमिटेड (एडीएनएल) को पहुंच प्रदान करने वाली सेवाओं के लिए एकीकृत लाइसेंस प्रदान किया गया है। इस लाइसेंस के जरिए कंपनी देश में हर तरह की टेलीकॉम सर्विसेज दे सकती है। इस लाइसेंस के मिलने के बाद कंपनी भविष्य अपनी 5जी सेवाओं को विस्तार दे सकती है। अडानी की एंट्री से जियो, एयरटेल के अलावा वोडाफोन-आइडिया जैसी कंपनियों के सामने नई चुनौती होगी।

इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि अडानी डेटा नेटवर्क्स को यूएल (एएस) लाइसेंस मिल गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि यह लाइसेंस सोमवार को जारी किया गया। हालांकि इस संबंध में अडानी समूह की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बता दें कि अडानी समूह ने हाल में हुई नीलामी में स्पेक्ट्रम खरीदकर देश के दूरसंचार क्षेत्र में प्रवेश किया था। उस समय कंपनी ने कहा था कि वह इस स्पेक्ट्रम का इस्तेमाल समूह के भीतर की कारोबारी गतिविधियों के लिए करेगी।

# वैश्विक मंदी की तरफ बढ़ रही दुनिया, आईएमएफ ने कहा- 'सबसे बुरा वक्त अभी आना बाकी'




**लंदन ।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ष 2023 में वैश्विक अर्थव्यवस्था के कठिन दौर से गुजरने की भविष्यवाणी की है। इसने आर्थिक प्रगति का पूर्वानुमान घटाया है और दुनिया के एक तिहाई हिस्से में आर्थिक संकुचन का अनुमान लगाया है। सबसे बुरा वक्त अभी आना बाकी है। साल 2023 भारी मंदी की तरह महसूस होगा।

आईएमएफ ने जुलाई में अपेक्षित राशि से 2023 के लिए वैश्विक विकास दर में संशोधन कर गिरावट दिखाया है। अगले साल मात्र 2.7 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद की गई है। यह पिछले साल की 6 प्रतिशत की वृद्धि और इस वर्ष के 3.2 प्रतिशत की वृद्धि के पूवार्नुमान से कम है।

आईएमएफ ने कहा, यह कोविड-19 महामारी और वैश्विक वित्तीय संकट के तीव्र चरण को छोडक़र, 2001 के बाद से 'सबसे कमजोर ग्रोथ प्रोफाइल' है। यह सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए 'महत्वपूर्ण मंदी' को दर्शाता है, क्योंकि अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2022 की पहली छमाही में अनुबंधित है, इसके बाद 2022 की दूसरी छमाही में यूरो क्षेत्र का संकुचन और चीन में लंबे समय तक कोविड-19 का प्रकोप और लॉकडाउन रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, दुनिया एक अस्थिर दौर में है : आर्थिक, भू-राजनीतिक और पारिस्थितिक परिवर्तन सभी वैश्विक दृष्टिकोण को प्रभावित करते हैं।

विश्व अर्थव्यवस्था का लगभग एक तिहाई लगातार दो तिमाहियों में नकारात्मक वृद्धि का सामना कर रहा है, आईएमएफ ने भी यही भविष्यवाणी की है।

# फिरकी में फंसे प्रोटियाज, भारत ने शृंखला 2-1 से जीती



**नई दिल्ली ।** भारत ने स्पिन गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शुभमन गिल की 49 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को तीसरे एकदिवसीय मैच में सात विकेट से हराकर तीन मैचों की शृंखला 2-1 से जीत ली।

दक्षिण अफ्रीका पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 99 रन पर सिमट गयी, जिसके बाद भारत ने 100 रन का लक्ष्य 19.1 ओवर में तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

भारत की ओर से स्पिनरों ने दर्शनीय प्रदर्शन करते हुए आठ विकेट झटके। कुलदीप यादव ने चार विकेट अपने नाम किये जबकि शाहबाज़ अहमद और वाशिंगटन सुंदर ने दो-दो विकेट लिये। इसके अलावा मोहम्मद सिराज ने भी दो विकेट चटकाये।

गिल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 57 गेंदों पर आठ चौकों के साथ 49 रन बनाये, हालांकि वह एकदिवसीय क्रिकेट में अपने चौथे अर्द्धशतक से चूक गये और लक्ष्य से सिर्फ तीन रन की दूरी पर आउट हो गये। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने छक्का लगाकर भारत को जीत तक पहुंचाया।

भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और स्पिनर शुरू से ही दक्षिण अफ्रीका पर हावी रहे। सुंदर ने पारी के तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाजी चूंटिन डी कॉक को छह रन पर चलता किया।

मोहम्मद सिराज ने यानेमन मलान (15) और रीज़ा हेंड्रिक्स (03) का विकेट निकाला, लेकिन इसके बाद की पारी पूरी तरह से फिरकी गेंदबाजों के नाम रही। शाहबाज़ ने एडेन मार्करम को नौ रन पर चलता किया, जबकि सुंदर ने कप्तान डेविड मिलर को सात रन पर बोल्ड किया। हेनरिक क्लासेन ने दक्षिण अफ्रीका को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन वह भी 42 गेंदों पर चार चौकों के साथ 34 रन बनाकर शाहबाज़ का शिकार हो गये।

कुलदीप (18/4) ने 26वें ओवर में बिना रन दिये ब्योर्न फोर्टिन और आनरिक नॉर्खेया का विकेट निकाला। दक्षिण अफ्रीका के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके और मार्को जैनसेन (14) का विकेट गिरने के साथ प्रोटियाज की पारी को 27.1 ओवर में 99 रन पर समाप्त हुई।

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से हराया



**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया ने तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से जीत लिया है। दिल्ली में हुए मैच में भारत को जीत के लिए 100 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने आसानी से हासिल कर लिया। शुभमन गिल ने भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज को 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे शिखर धवन ने युवा खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। इस सीरीज में टीम इंडिया के दिग्गज खिलाड़ी नहीं खेल रहे थे, इसके बाद भी भारतीय युवा टीम साउथ अफ्रीका को 12 साल बाद भारत में वनडे सीरीज हराने में कामयाब रही है। टीम इंडिया ने इस सीरीज का पहला मैच हारने के बाद यादगार कमबैक किया और सीरीज पर कब्जा किया।

**तीसरे वनडे में दर्ज की आसान जीत-** टीम इंडिया टीम के सीनियर खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं और उनकी गैरमौजूदगी में शिखर धवन की अगुवाई में युवा खिलाड़ियों की टीम ने सीरीज का पहला मैच गंवाने के बाद सीरीज में शानदार वापसी की। आखिरी मैच में तो साउथ अफ्रीका की पारी को 99 रन पर समेटने के बाद भारत ने 19।1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की। शिखर धवन ने मैच के बाद कहा, 'मुझे टीम के सभी खिलाड़ियों पर गर्व है। यह युवा खिलाड़ियों की टीम है और जिस तरह उन्होंने प्रदर्शन दिखाई, उसकी सराहना की जानी चाहिए। पहले मैच को हम हारे जरूर थे लेकिन उस मैच के आखिरी ओवरों में टीम ने जो प्रदर्शन दिखाई वह अच्छा था। इससे आने वाले मैचों के लिए हौसला मिला। शुरुआती मैच के बाद हमने फील्डिंग में सुधार किया। हम नतीजे की ज्यादा परवाह किए बिना प्रक्रिया पर ध्यान दे रहे थे। मैच में कुलदीप यादव मैन ऑफ द मैच बने।

# रिलीज हुआ फोन भूत का ट्रेलर, भूत के किरदार में दिखीं कैटरीना



कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म फोन भूत काफी समय से चर्चा में है। फिल्म की रिलीज काफी समय से टलती जा रही थी। सोमवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में इस हॉरर कॉमेडी की खास झलकियां दिखाई दे रही हैं। ट्रेलर देख के मालूम पड़ता है कि भूल भुलैया 2 के बाद एक और फिल्म दर्शकों को डराते-डराते हंसाने के लिए तैयार है।

ट्रेलर में सिद्धांत और ईशान के किरदार को भूत नजर आते हैं। इससे उन्हें आइडिया आता है कि वे भूत पकडऩे का बिजनस शुरू कर सकते हैं। ट्रेलर में कैटरीना एक भूत के किरदार में हैं जो सिद्धांत और ईशान के साथ मिलकर बिजनस पार्टनरशिप करती हैं। फिल्म में शीबा चड्ढा और जैकी श्रॉफ भी नजर आ रहे हैं। फिल्म के संवाद में आधुनिक मीम्स और जोक्स का मेल दर्शकों को डराने के साथ-साथ हंसाने वाला है।

दिसंबर, 2020 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी। वेब सीरीज मिर्जापुर के निर्देशक गुरमीत सिंह ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने इसकी कहानी लिखी है। कोरोना महामारी के कारण अन्य फिल्मों की तरह इस फिल्म के प्रोजेक्ट में भी देरी हुई है। पहले यह फिल्म 7 अक्टूबर को रिलीज होने वाली थी। अब यह 4 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# राम सेतु का ट्रेलर रिलीज, हजारों साल पुराना इतिहास ढूंढते दिखे अक्षय कुमार




अक्षय कुमार की चर्चित फिल्म राम सेतु के ट्रेलर का दर्शकों को इंतजार था। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। राम सेतु का भारत में पौराणिक महत्व है। फिल्म का प्लॉट राम सेतु पर एक काल्पनिक कहानी है। फिल्म में अक्षय एक पुरातत्वविद की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो राम सेतु की सच्चाई सामने लाने की कोशिश कर रहा है। फिल्म में अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिस भी मुख्य भूमिका में हैं। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म की कहानी राम सेतु की पौराणिकता और उसपर होने वाली राजनीति के इर्द-गिर्द है। अक्षय एक आर्कियोलॉजिस्ट की भूमिका में हैं जो 7,000 साल पुराने इतिहास को ढूंढने में लगे हैं। ट्रेलर में अक्षय के साथ नुसरत भरूचा और जैकलिन भी नजर आ रही हैं।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। अगर बिजनेस में हैं तो आपको फायदा मिलने वाला है। मान-सम्मान बढेगा। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा।

***वृष :*** आज का दिन बेहतरीन रहेगा। किसी नई जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें।

***मिथुन :*** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेसमैन है आज उन्हें कहीं अच्छी जगह निवेश करने का मौका मिलेगा, जिसका फायदा आपको भविष्य में होगा।

***कर्क :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। साथ ही आपको अपने सब कामों को निपटाने की गति जरा धीमी करनी होगी, क्योकि जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में आपसे गलतियाँ हो सकती है।

***सिंह :*** आज आपका दिन सही रहेगा। आप उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं तो आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव मिलेगा।

***कन्या :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी दोस्त से अपनी कोई बात शेयर करेंगे। आज पुराने विचारों को छोडक़र नए विचारों को अपनाऐंगे। आपके इस विचार को देखकर परिवार का मन उत्साह से भर जाएगा।

***तुला :*** आज का दिन आपके लिए बहुत बढिय़ा रहेगा बस आज पैसों के लेन-देन से बचें। कहीं निवेश कर रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज अपने गुस्से पर कंट्रोल करें इससे आपके बिगड़ते हुए काम पूरे हो जाएंगे।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के प्रोफेशर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छे कॉलेज में लेक्चर देने के लिए ऑफर आ सकता है। साथ ही लॉ के स्टूडेंट्स आज आगे की पढ़ाई करने के लिए फार्म भर सकते है।

***धनु :*** आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। जीवनसाथी के सहयोग से आपको किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। अगर कहीं निवेश करना चाह रहें है तो किसी जानकर से सलाह लेकर ही करें।

***मकर :*** आज आपका दिन खास रहेगा। इस राशि के अविवाहितों को आज विवाह के लिए शादी का प्रस्ताव आ सकता है। आज आपके घर का माहौल अच्छा रहेगा। पिता बच्चों के साथ समय बिताएंगें। स्वास्थ्य सही रहेगा।

***कुंभ :*** आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के लोगों को आज के दिन कम्प्यूटर से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है। आज आपको माता-पिता से स्नेह मिलेगा। किसी कार्य को करने में आज आपके सामने कई बड़ी चुनौतियां आएंगी।

***मीन :*** आपका आज का दिन बेहतरीन रहेगा। संचार सेवा और इंटरनेट से जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के बिजनेस वाले लोग अपने जरूरी कागजों को संभालकर रखें साथ ही कागजी कार्यवाही में सावधानी रखें।

# बेसन से अलग हटकर इस बार जीरा राइस के साथ परोसें 'आलू की कढ़ी'



कढ़ी के नाम पर बेसन की कढ़ी ही ध्यान आती है और ज्यादातर घरों में यही बनाई जाती है लेकिन अगर आप कुछ हटकर ट्राय करना चाहती हैं, तो आलू की कढ़ी बनाएं। ये रही उसकी रेसिपी।

**सामग्री :**

½ किलो आलू उबले छिले और मैश किए हुए, 2 टीस्पून नमक, ¼ टीस्पून मिर्च पाउडर, 1/2 कप बेसन, तलने के लिए तेल, ½ कप खट्टी दही, 4 कप पानी, 10 करी पत्ता, ½ टीस्पून जीरा, 2 साबुत लाल मिर्च, 1 टेबलस्पून कटा हुआ अदरक, 1/2 टीस्पून धनिया पाउडर, हरा धनिया, सजाने के लिए

**विधि :**

- मैश किए हुए आलू, 1/2 टीस्पून नमक, लाल मिर्च पाउडर और बेसन को एक साथ मिला लें।
- मिश्रण का एक चौथाई भाग अलग रख दें बची हुई से पकौड़ियां बना लें।
- अब बचा हुआ मिश्रण दही में डालें और अच्छी तरह से मिलाकर एक तरफ रख दें।
- एक भारी तले वाले पैन में तेल डालें। इसमें करी पत्ता, जीरा, साबुत लाल मिर्च डालकर भूनें। फिर अदरक डालकर भूनें।
- दही का मिश्रण, नमक और धनिया पाउडर डालें और उबाल आने दें। धीमी आंच पर कढ़ी को थोड़ा गाढ़ा होने तक पकाएं। बीच-बीच में चलाते रहें।
- अब उसमें पकौड़ी डालें, कुछ मिनट तक उबालने दें। हरे धनिया से सजाकर गरमागरम परोसें।


# शब्द सामर्थ्य- 221

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 220 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# सू-दोकू- 221

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.220 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |